# पश्चिमाँचल विद्युत वितरण निगम लि0
## (उ0प्र0 सरकार का उपकम)

दूरभाषः 0131–2620765
फैक्सः 0131–2620765
ई–मेलः seedcmzn@gmail.com
सिन नं0:U31200UP2003SGC027458

राष्ट्र हित में बिजली बचाये

कार्यालय
अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल–प्रथम
मुजफफरनगर।

पत्रांकः 4123/वि.वि.मं.प्र.–मु.नगर/कैम्प

दिनांकः 16.08.2022

विषयः– विज्ञापन सामग्री प्रकाशित करने के सम्बन्ध मे।

विज्ञापन व्यवस्थापक
पंजाब केसरी,
दिल्ली।

विज्ञापन व्यवस्थापक
दैनिक हिन्दुस्तान,
मेरठ।

महोदय,

आपके प्रतिष्ठित दैनिक/साप्ताहिक समाचार पत्र के एक अंक में आपके यहॉ उपलब्ध छोटे से छोटे टाईप (8 से 10 प्वाइट) और कम से कम स्थान में केवल एक कालॅम साईज मे तुरन्त/दिनांक 17.08.2022 को प्रकाशनार्थ संलग्न विज्ञापन प्रेषित किया जा रहा है। हेडिंग व नीचे का नाम व पता यथासंभव एक ही लाईन मे रनिंग मैटर के रूप में कम से कम स्थान में प्रकाशित/छापें। विज्ञापन पर निगम का मोनोग्राम (Isq.cm) एवं सबसे नीचे इस आदेश की संख्या व दिनांक भी छोटे से छोटे टाईप मे अवश्य प्रकाशित करें। इन निर्देशों के विपरित छपे विज्ञापनों के बीजको में आवश्यक कटौती करने के लिए पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, बाध्य होगा।

1 विज्ञापन शुल्क का बिल तीन प्रतियों में अग्रिम प्राप्ति रसीद के साथ जिस अंक में उक्त विज्ञापन प्रकाशित हुआ हो, उसकी दो वाउचर प्रतियों सहित निरीक्षण एवं सत्यापन हेतु सहायक जनसम्पर्क अधिकारी, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, मेरठ को प्रेषित किया जाना चाहिए। ताकि भुगतान सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

2 संलग्न हिन्दी/अंग्रेजी विज्ञापन का प्रकाशन हिन्दी भाषा में ही किया जाये। अंग्रेजी भाषा में संलग्न सामग्री का प्रकाशन हिन्दी भाषा में अनुवाद के पश्चात् ही करें, जिसके लिए कोई अतिरिक्त शुल्क देय नही होगा।

3 विज्ञापन प्रकाशित होते ही प्रकाशित अंक की एक प्रति/कतरन सीधे अधोहस्ताक्षरी को पुष्टि हेतु अवश्य प्रेषित कर दी जाये।

4 प्रत्येक पत्र व्यवहार में इस विज्ञापन आदेश की संख्या व दिनांक का उल्लेख करें।

5 टेन्डर/सूचना इत्यादि उपरोक्त निर्धारित तिथि के बाद निगम की पूर्वानुमति के बिना कदापि प्रकाशित न करें।

6. विज्ञापन के अन्त में छोटे से छोटे टाईप में 'राष्ट्र हित में बिजली बचायें' का नारा तथा विद्युत चोरी का हेल्प लाईन नम्बर अवश्य दें।

संलग्नक–प्रथम प्रति/द्वितीय प्रति।

भवदीय,

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल–प्रथम
मुजफ्फरनगर

पत्रांकः 4135/(एक)/तद्दिनांक

प्रतिलिपि उपरोक्त संलग्नको सहित निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सहायक जनसम्पर्क अधिकारी, कार्यालय प्रबन्ध निदेशक प0वि0वि0नि0लि0, मेरठ।
2. मुख्य अभियन्ता (वितरण), सहारनपुर क्षेत्र, सहारनपुर।
3. अधिशासी अभियन्ता, विधुत वितरण खण्ड–प्रथम/द्वितीय, मु0नगर।
4. नोटिस बोर्ड।

भवदीय,

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल–प्रथम
मुजफ्फरनगर

## पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0
## अति–अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

पूर्ण जमा योजना मद में अधिशासी अभियन्ता, वि.वि.ख.–द्वितीय, मु0नगर के अन्तर्गत ई–निविदा संख्या 82/2022–23 मैसर्स डी.एफ.सी.सी.आई.एल. कृते श्री महावीर सिंह (प्रोजेक्ट मैनेजर) ग्राम–नरा जडौदा, क्रासिंग स्टेशन मुजफ्फरनगर को स्वतंत्र पोषक के माध्यम से 250 केवीए भार का नया संयोजन 11 केवी विभव पर अवमुक्त करना। धरोहर राशि रू0 70000.00 ई–निविदा शुल्क रू0 3540.00 के कार्य बाह्य एजेन्सी के माध्यम से कराये जाने है। उक्त ई–निविदा का प्रथम एवं द्वितीय भाग दिनांक 23.08.2022 को 12:00 बजे तक www.etender.up.nic.in भरा जा सकता है, जिसका प्रथम भाग उसी दिन 14:00 बजे खोला जायेगा। निविदा विशिष्टीकरण एवं अन्य नियम व शर्ते www.etender.up.nic.in/ www.pvvnl.org पर देखे।

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल–प्रथम
मुजफ्फरनगर